# कटिहार अभियंत्रण महाविद्यालय, कटिहार–854109

पत्रांक–104 दिनांक–04/02/2021

## सूचना

दिनांक–18.12.2020 को मुख्य सचिव बिहार पटना के अध्यक्षता में आहुत आपातकालीन प्रबंधन समूह के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार गृहमंत्रालय भारत सरकार के आदेश दिनांक–30.09.2020 में निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के आदेश पत्रांक–**34**, दिनांक–**05.01.2021** के आलोक में संस्थान के सभी छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि सभी वर्ग कक्षाएँ निम्नलिखित तालिका के अनुसार फिजिकल–मॉड में शुरू की जाएगी।

| सेमेस्टर | फिजिकल–मॉड में वर्ग कक्षाएँ शुरू होने की तिथि |
|---|---|
| प्रथम सेमेस्टर | 08.02.2021 |
| तृतीय सेमेस्टर | 06.02.2021 |
| पंचम सेमेस्टर | 05.02.2021 |

वितरणः 1. सभी विभागाध्यक्ष, के.ई.सी., कटिहार।
2. सूचना पट्ट, के.ई.सी., कटिहार
3. **Website**, के.ई.सी., कटिहार।

Ranjana 04/02/21

प्राचार्या
कटिहार अभियंत्रण महाविद्यलय,
कटिहार

बिहार सरकार
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

पत्रांक–वि0प्रा0 (II) व$^2$–02/2012 (पार्ट–1) पटना, दिनांकः–

प्रेषक,

संजीव कुमार, भा0प्र0से0
निदेशक,

सेवा में,

सभी प्राचार्य /प्रभारी प्राचार्य,
राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय/राजकीय पोलिटेकनिक/
महिला पोलिटेकनिक, बिहार।

विषयः– **कोविड संक्रमण–19 के कारण बंद शिक्षण संस्थानों को खोलने के संबंध में।**

संदर्भ :– शिक्षा विभाग, बिहार का ज्ञापांक आदेश सं0–2169 दिनांकः–24.12.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संदर्भित पत्र के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि विभागान्तर्गत राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों/राजकीय पोलिटेकनिक/महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में शिक्षा विभाग द्वारा जारी पत्र (संलग्न) में उल्लेखित दिशा–निर्देशो का पूर्णतः पालन करते हुए पठन–पाठन हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

**अनु0–यथोक्त्।**

विश्वासभाजन

ह0/–
**निदेशक,**
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः– वि0प्रा0 (II) व$^2$–02/2012 (पार्ट–1) 34 पटना, दिनांकः– 05/01/2021

प्रतिलिपिः– कुलसचिव, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना/सचिव, राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, पटना/आई0टी0 मैनेजर, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना (ई–मेल करने हेतु) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

05.01.21

**निदेशक,**
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

